विश्व तंबाकू निषेध दिवस

चर्चा में क्यों?

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और वैश्विक साझेदारों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस (World No Tobacco Day-WNTD) मनाया जाता है। वार्षिक रूप से आयोजित होने वाला यह अभियान तंबाकू के हानिकारक उपयोग और घटक प्रभाव के विषय में जागरूकता फैलाने तथा किसी भी रूप में तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने का एक अवसर है।

WNTD का फोकस

विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2019 का फोकस 'तंबाकू और फेफड़ों के स्वास्थ्य' (Tobacco and Lung Health) पर है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य सिगरेट तथा अन्य साधनों के माध्यम से तंबाकू उपभोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता प्रसारित करना है। अकाल मृत्यु होने के रोके जाने वाले सबसे बड़े कारणों में से तंबाकू सेवन भी एक है, इससे फेफड़ों को नुकसान पहुँचता है, जो अकाल का मृत्यु का कारण बनता है। यह गंभीर और अक्सर घातक स्थितियों जैसे कि हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर उत्पन्न वाले मुख्य कारणों में से एक है।

तंबाकू के उपयोग से होने वाली बीमारी

- फेफड़ों का कैंसर
- COPD (पुरानी प्रतिरोधी फुफ्फुसीय रोग)
- हृदय की बीमारी
- आघात (स्ट्रोक)
- दमा
- महिलाओं में प्रजनन संबंधी प्रभाव
- समय से पहले, जन्म लेने वाले कम वज़न के बच्चे
- मधुमेह
- अंधापन और मोतियाबिंद
- बृहदान्त्र (colon), गर्भाशय, ग्रीवा, यकृत, पेट और अग्नाशय के कैंसर सहित 10 से अधिक प्रकार के कैंसर के लिये भेद्यता

तंबाकू में रसायनिक यौगिक

- तंबाकू के धुएँ में हज़ारों रसायन पाए जाते हैं, जिनमें कम-से-कम 70 रसायन कैंसर के कारण होते हैं।
- तंबाकू के धुएँ में पाए जाने वाले कुछ रसायनों में शामिल हैं:

- निकोटीन (एक रासायनिक यौगिक)
- हाइड्रोजन साइनाइड (Hydrogen cyanide)
- फॉर्मलडेहाइड (formaldehyde)
- लीड/सीसा
- आर्सेनिक
- अमोनिया
- रेडियोधर्मी तत्त्व, जैसे कि यूरेनियम
- बेंजीन
- नाइट्रोसेमिन (Nitrosamine)
- कार्बन मोनोऑक्साइड
- पॉलीसाइक्लिक एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन (Polycyclic aromatic hydrocarbons-PAHs)

तंबाकू जाँच में राजस्थान को WHO पुरस्कार

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) ने तंबाकू नियंत्रण (Tobacco Control) के क्षेत्र में राजस्थान सरकार के चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए इस वर्ष के पुरस्कार के लिये चुना है।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2018-19 के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों जैसे स्थानों पर तंबाकू सेवन के विरुद्ध कई अभियान संचालित किये हैं।

भारत में तंबाकू के उपयोग की स्थिति

Tobacco

स्रोत- द हिंदू